कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.07.2024

विषयः-श्री मनीष कुमार शांडिल्य, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा थाना जंसा का औचक निरीक्षण व थाना क्षेत्र में किया गया पैदल गश्त, दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

आज दिनांक 02.07.2024 को श्री मनीष कुमार शांडिल्य, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा थाना जंसा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना जंसा परिसर, कार्यालय, अभिलेख, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव व अद्यावदिक करने, साफ-सफाई, अपराध नियत्रंण, लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उपस्थित अधि0/कर्म0गण को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए। थाना परिसर में मुकदमें से सम्बन्धित वाहनों का निस्तारण करने व परिसर की नियमित साफ-सफाई कर उच्चकोटि का बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा थाने के समस्त विवेचको का अर्दली रूम किया गया, विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की गई तथा लम्बित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात महोदय द्वारा शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना जंसा क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान बाजार, भीड़-भाड़ वाली जगहों तथा यातायात को सुगम बनाने हेतु सड़क के किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात नियमों व आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से वहां पर मौजूद स्थानीय लोगो एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब व थानाध्यक्ष जंसा व थाना जंसा के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी